No. of Page : 4
No. of Q. : 26

नामांक ROLL NO. | | | | | | |

SP- 1

# अर्द्ध वार्षिक परीक्षा, 2019-20

## कक्षा-9

## विषय - हिन्दी

समय : 3¼ घण्टे पूर्णांक : 70

नोट :- 1. सभी प्रश्न करने अनिवार्य है।
2. प्रश्नों के अंक उनके सामने अंकित है।

### खण्ड - क

1. निम्नलिखित गद्यांश को ध्यान पूर्वक पढ़कर पूछे गये प्रश्नों के उत्तर लिखिए-

बाल श्रमिक समस्या हमारे देश की दयनीय दशा है। स्वतंत्रता के इतने वर्ष बीत जाने के बाद भी सामाजिक एवं कानूनी प्रयासों के बावजूद यह घटने की बजाय बढ़ी है। इसका प्रमुख कारण बढ़ती हुई जनसंख्या के बीच बढ़ती हुई गरीबी है। यों तो भारत में चौदह वर्ष से कम अवस्था के बच्चों से काम न लेने का कानून बना हुआ है। केन्द्रीय सरकार व राज्य सरकारें बने कानूनों में समय-समय पर सुधार कर उन्हें लागू करवाने के लिए कार्यवाही करती है साथ ही सामाजिक संस्थाएँ बाल श्रमिकों को मुक्त करवाने में सतत् प्रयत्नशील हैं, फिर भी इस समस्या की स्थिति ढाक के तीन पात वाली ही बनी हुई है।

(1) उपर्युक्त गद्यांश का उचित शीर्षक लिखिए। 1
(2). बाल श्रम क्या है? 1
(3) बाल श्रम कैसे दूर किया जा सकता है? 2

निम्नलिखित काव्यांश को पढ़कर नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए-

हे ग्राम देवता! नमस्कार!
सोने-चाँदी से नहीं किन्तु,
तुमने मिट्टी से किया प्यार।
हे ग्राम देवता! नमस्कार!
तुम जन-मन के अधिनायक हो,
तुम हँसो कि फूले-फले देश।
आओ सिंहासन पर बैठो,
यह राज्य तुम्हारा है अशेष।

P.T.O.

उर्वरा भूमि के नये खेत,
ये नये धान्य से सजे वेश।
तुम भू पर रहकर भूमि भार,
धारण करते हो मनुज-शेष।

4. उपर्युक्त काव्यांश का उचित शीर्षक बताइए। 1
5. धरती पर रहने वालों का भरण-पोषण का भार कौन उठाता है? 1
6. इस काव्यांश से क्या सन्देश व्यक्त हुआ है? 2

### खण्ड - ख

7. निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर लगभग 250 शब्दों में निबंध लिखिए-8
   (क) विद्यार्थी जीवन में नैतिक शिक्षा का महत्व -
   (i) प्रस्तावना (ii) नैतिक शिक्षा का स्वरूप (iii) पाठ्यक्रम में नैतिक शिक्षा (iv) नैतिक शिक्षा की उपयोगिता (v) उपसंहार
   (ख) राष्ट्रीय स्वच्छता अभियान
   (i) प्रस्तावना (ii) स्वच्छता अभियान का उद्देश्य (iii) स्वच्छता अभियान का व्यापक क्षेत्र (iv) स्वच्छता अभियान के लाभ (v) उपसंहार
   (ग) पर्यावरण प्रदूषण -
   (i) प्रस्तावना (ii) पर्यावरण प्रदूषण के विभिन्न प्रकार (iii) प्रदूषण के प्रभाव (iv) प्रदूषण निवारण के उपाय (v) उपसंहार
   (घ) विद्यार्थी-जीवन में अनुशासन
   (i) प्रस्तावना (ii) विद्यार्थी जीवन में अनुशासन का महत्व (iii) अनुशासन हीनता के दुष्परिणाम (iv) अनुशासन प्रियता के सुपरिणाम (v) उपसंहार

8. स्वयं को आदर्श नगर, पाली का निवासी जयदेव मानते हुए अपने मोहल्ले में व्याप्त गन्दगी के सम्बन्ध में नगरपालिका के अधिकारी को एक शिकायती पत्र लिखिए। 4

**अथवा**

अपने आपको रा.उ.मा.वि. राणावास की छात्रा नीतू मानते हुए अपने प्रधानाचार्य को एक प्रार्थना पत्र लिखिए जिसमें विद्यालय में नियमित प्रभावी कम्प्यूटर शिक्षण करवाने का उल्लेख हो।

### खण्ड - ग

9. विशेषण किसे कहते हैं? उसके भेद बताइए। 2
10. परि तथा अप उपसर्ग से दो-दो नए शब्द बनाइए। 2

11. निम्नलिखित शब्दों का संधि-विच्छेद कीजिए- 2
(i) विवेकानन्द (ii) उज्ज्वल

12. निम्नलिखित शब्दों के (कोई 3-3) पर्यायवाची शब्द लिखिए- 2
(i) दीनबंधु (ii) तलवार

13. निम्नलिखित शब्दों के शुद्ध रूप लिखिए- 2
(i) कवियित्री (ii) आर्शीवाद

## खण्ड - घ

14. निम्नलिखित गद्यांश की सप्रसंग व्याख्या कीजिए- 4

वह ईंट धन्य है, जो कट छट कर कंगूरे पर चढ़ती है और बरबस लोगों को अपनी ओर आकृष्ट करती है। किन्तु धन्य है वह ईंट, जो जमीन में सात हाथ नीचे जाकर गड़ गई और ईमारत की पहली ईंट बनी। क्योंकि इसी पहली ईंट पर उसकी मजबूती और पुख्तापन पर सारी इमारत की अस्ति-नास्ति निर्भर है।

**अथवा**

धाय माँ तो मंगल-कामनाओं की देवी है। वे दीपदान करके चित्तौड़ का कल्याण करेंगी। मैं भी चित्तौड़ का कल्याण करूंगा। एक बात कहूँ पन्ना! मैं तुम्हें मारवाड़ में एक जागीर देना चाहता हूँ। वहाँ तुम्हारे लिए तुलजा भवानी का मन्दिर बनेगा, मन्दिर! सारे लोग इतनी श्रद्धा से देखेंगे कि तुलजा भवानी में और तुम में कोई अन्तर न होगा।

15. निम्नलिखित पद्यांश की सप्रसंग व्याख्या कीजिए- 4

मोकों कहाँ ढूँढे बंदे, मैं तो तेरे पास में,
ना मैं देवल ना मैं मसजिद ना काबे कैलास में,
ना तो कौने क्रिया-कर्म में, नहिं योग वैराग्य में।
खोजी होय तो तुरतै मिलिहौ, पल भर को तलास में,
कहै कबीर सुनो भाई साधो, सब स्वाँसों की स्वाँस में॥

**अथवा**

बसो मोरे नैनन में नंदलाल।
मोहनि मूरति, साँवरि सूरति नैना बने बिसाल।
मोर मुकुट मकराकृत कुंडल, अरूण तिलक सोहे भाल।
अधर सुधारस मुरली राजति उर वैयन्ती माल।
छुद्र-घंटिका कटि-तट सोभित, नूपुर सबद रसाल।
मीराँ प्रभु संतन सुखदायी, भगत बछल गोपाल॥

16. जयशंकर 'प्रसाद' का संक्षिप्त परिचय दीजिये। 2

**अथवा**

महादेवी वर्मा का संक्षिप्त परिचय दीजिये।

17. दीनों के हृदय को दीनबन्धु का निवास स्थान क्यों माना गया है? कथन की पुष्टि कीजिए। 4

अथवा

'भोलाराम का जीव' कहानी की मूल संवेदना स्पष्ट कीजिए।

18. 'केवट का भाग्य' पाठ के आधार पर श्रीराम-केवट प्रसंग को कथा के रूप में लिखिए। 4

अथवा

बिहारी ने नीति सम्बन्धी संकलित दोहों में जीवन के किन-किन आदर्शों को प्राप्त करने के लिए लिखा है।

19. लेखिका महादेवी वर्मा के साथ हुई दुर्घटना के बाद गिल्लू ने अपनी आत्मीयता किस प्रकार प्रकट की? 3

20. ''उसके अभाव में भी सम्पूर्णता थी।'' छोटा जादूगर के सम्बन्ध में कहे गये इस कथन का आशय स्पष्ट कीजिये। 3

21. कृष्ण को नींद आ जाए, इसलिए यशोदा क्या-क्या यत्न करती है? 3

22. पेड़ और तालाब के माध्यम से रहीम क्या सीख देते हैं? 3

23. बनवीर कौन था? परिचय दीजिए। 2

24. पुष्प की अभिलाषा क्या है? 2

25. सड़क दुर्घटनाऐं किन-किन कारणों से होती है? समझाइए। 3

26. सड़क पर पैदल चलते समय हमें क्या-क्या सावधानियाँ रखनी चाहिए? 3

❖❖❖